आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 11.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- गृहमंत्री अमित शाह ने देश में संभावित बाढ़ और लू की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की।
- अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हॉटमिक्स प्लांट को प्रशासन ने सील किया।
- उत्तराखंड बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाफल सुधार परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 मई तक जारी रहेगी।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश की संभावना; कहीं–कहीं आंधी–तूफान की चेतावनी।

संभावित बाढ़ और लू

गृहमंत्री अमित शाह ने देश में संभावित बाढ़ और लू से निपटने के लिए तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री शाह ने कहा कि केंद्र और राज्य स्तर पर बाढ़ के पूर्वानुमान के लिए एक एकीकृत प्रणाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में स्थित अधिक जोखिम वाली 30 झीलों के लिए विकसित की जाने वाली पूर्व चेतावनी प्रणाली में कम से कम 60 झीलों को शामिल किया जाना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि लू के कारण कृषि को होने वाले नुकसान को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। गृहमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के बदलते स्वरूप और उनसे उत्पन्न होने वाली आपदा संबंधी बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की जानी चाहिए।

अवैध हॉटमिक्स प्लांट सील

अल्मोड़ा जिले के सल्ट क्षेत्र के झीमार में अवैध रूप से संचालित हो रहे हॉटमिक्स प्लांट पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्लांट को सील कर दिया है। संयुक्त निरीक्षण टीम को जांच के दौरान कई अनियमितताएं मिलीं, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

बताया जा रहा है कि पिछले करीब दो महीनों से प्लांट का संचालन बिना आवश्यक अनुमति के किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने पर्यावरण और सुरक्षा को खतरा बताते हुए इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। मामला मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंचने के बाद प्रशासन, खनन विभाग और संबंधित अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

जांच में प्लांट के पास संचालन से संबंधित आवश्यक अनुमति नहीं थी। साथ ही चिमनी निर्धारित मानकों से कम ऊंचाई की पाई गई और परिसर के चारों ओर नियमानुसार चारदीवारी भी नहीं बनाई गई थी। खनन अधिकारी राहुल नेगी ने बताया कि नियमों के उल्लंघन को देखते हुए प्रशासन ने प्लांट को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है।

ज्योतिर्मठ–मलारी

चमोली जिले के सीमांत क्षेत्रों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण ज्योतिर्मठ–मलारी राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात के लिए खोल दिया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्द किशोर जोशी ने बताया कि संबंधित एजेंसी एवं प्रशासन की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क से मलबा हटा दिया है और यातायात सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। उन्होंने यात्रियों से यात्रा के दौरान सावधानी बरतने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

शिविर आयोजन

नई टिहरी में उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी गढ़वाल द्वारा बहुउद्देशीय विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित इस शिविर में आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं विभिन्न प्रमाण पत्रों की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति आलोक माहरा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवाएं केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद और श्रम विवाद जैसे मामलों में भी निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने लोगों से अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

शिविर में राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, शिक्षा, पुलिस और पशुपालन सहित कई विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान आय, जाति, दिव्यांग एवं जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया।

शिष्टाचार भेंट

उद्योग विभाग राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री भरत सिंह चौधरी से देहरादून में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कर्मचारी प्रतिनिधियों ने स्थानांतरण, पदोन्नति, मृतक आश्रित नियुक्ति और संविदा कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर श्री चौधरी को मांग पत्र सौंपा।

मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कर्मचारियों की समस्याओं और सुझावों को सुनते हुए कहा कि सभी मामलों का नीतिगत और न्यायोचित तरीके से समाधान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए।

श्री चौधरी ने कहा कि कर्मचारी किसी भी विभाग की कार्यप्रणाली की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता है।

परीक्षा सुधार आवेदन

उत्तराखंड बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र परीक्षाफल सुधार परीक्षा के लिए 24 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उत्तराखंड बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि परीक्षाफल सुधार परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आठ मई से शुरू हो चुकी है और 24 मई तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि छात्र आवेदन पत्र 20 मई तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालयों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए 24 मई तक का समय दिया गया है। श्री सिमल्टी ने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10वीं परीक्षा में अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को परीक्षा सुधार में शामिल होने का अवसर मिलेगा। जबकि 12वीं में एक विषय में अनुत्तीर्ण छात्र अंक सुधार परीक्षा दे सकते हैं।

कनकाटा दर्रा

बागेश्वर जिले की सुंदरढूंगा घाटी में स्थित 15 हजार 92 फीट ऊंचे कनकाटा दर्रा को युवा ट्रेकर्स की एक टीम ने तीन दिनों में सफलतापूर्वक पूरा किया। यह दर्रा सुंदरढूंगा घाटी के कठिन और रोमांचक ट्रेकों में माना जाता है।

दुर्गम पहाड़ी रास्तों, बर्फ से ढके ट्रैक और ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी जैसी चुनौतियों के बावजूद दल ने यह अभियान पूरा किया। ट्रेक के दौरान खराब मौसम ने भी मुश्किलें बढ़ाईं, लेकिन टीम ने संयम और आपसी तालमेल के साथ यात्रा पूरी की।

माउंटेन गाइड और अभियान दल के लीडर जीतू दानू ने बताया कि सुंदरढूंगा क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता इस ट्रेक को खास बनाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान युवाओं को एडवेंचर टूरिज्म की ओर आकर्षित करने के साथ पर्वतीय क्षेत्रों को नई पहचान भी दिलाते हैं।

मौसम

प्रदेश में आज मौसम ने एक बार फिर से करवट ली है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में आज बादल छाए हुए हैं। साथ ही मौसम विभाग ने पर्वतीय जिलों में तेज हवाओं और बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने आज राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के साथ ही ऊंचाइ वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। मैदानी जिलों में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

वहीं कल और 13 मई को मौसम की गतिविधियों में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं तेज बारिश, ओलावृष्टि और 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

मौसम विभाग के 12 एवं 13 मई को प्रदेश में बारिश और प्रतिकूल मौसम की संभावना को देखते हुए गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से यात्रा के दौरान मौसम की ताजा जानकारी प्राप्त करने और पूरी सावधानी के साथ यात्रा की योजना बनाने की अपील की है।

एशिया बैडमिंटन

पौड़ी जिले की बैडमिंटन खिलाड़ी शांभवी रौथाण ने बेंगलुरु में आयोजित ऑल इंडिया रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंडर–19 मिक्स डबल्स वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर एशिया बैडमिंटन ट्रायल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। शांभवी ने अंडर–19 मिक्स डबल्स वर्ग में कांस्य पदक जीता है। बैंगलोर में हुई ऑल इंडिया जूनियर (अंडर–19) रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में शांभवी रौथाण व उनके साथी खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रियंका वाल्दिया और बाल प्रणय प्रगडा को हराया।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

देहरादून से प्रकाशित सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री के  देशवासियों से पेट्रोल, गैस, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का संयम से इस्तेमाल करने की अपील की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण लिखता है– पेट्रोल, डीजल व गैस का संयम से करें इस्तेमाल।

इसी खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है– देशहित में सालभर सोना न खरीदें, पेट्रोल बचाएं।

अमर उजाला ने इसी खबर पर शीर्षक दिया है– पश्चिम एशिया संकट– प्रधानमंत्री का देशवासियों से आग्रह– कोविड काल जैसे उपाय अपनाएं।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- गृहमंत्री अमित शाह ने देश में संभावित बाढ़ और लू की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की।
- अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हॉटमिक्स प्लांट को प्रशासन ने सील किया।
- उत्तराखंड बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाफल सुधार परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 मई तक जारी रहेगी।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश की संभावना; कहीं–कहीं आंधी–तूफान की चेतावनी।